एक नजर में

संविधान दिवस पर हुई सामान्य ज्ञान स्पर्धा

उज्जैन। 71वें संविधान दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 71वें संविधान दिवस पर गॉड गिफ्ट कान्वेंट स्कूल भार्गव मार्ग पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया प्रतियोगिता में विज्ञान, साहित्य, खेल, शिक्षा, राजनीति से जुड़े प्रश्न पूछे गए सही उत्तर देने वाले प्रतियोगियों को सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में, जिला वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ. निजाम हाशमी, सोशल एक्टिविस्ट डॉ. तेज कुमार मालवीय, शिक्षाविद शालिनी प्रजापत, समीर खान, सैयद जमीर अब्बास, सलीम भाई, सद्दाम हुसैन, लियाकत खान, मिस्बाह खान ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान प्रस्तावना वाचन से हाजी फहीम सिकंदर ने की। अध्यक्षता इकबाल हुसैन ने की। कार्यक्रम में अनुदीप गंगवार, हारून खान, अर्शी शाह, इरफान राइन आदि ने प्रोत्साहित किया। संचालन इकबाल उस्मानी ने किया। आभार इरफाना बैग ने माना। जानकारी चेतन ठक्कर ने दी।

संविधान दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में संविधान दिवस केअवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री मनीष कुमार गोयल, शासकीय अधिवक्ता उज्जैन ने संविधान की उद्देशिका की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहां की आज की युवा पीढ़ी को संविधान के मूल्यों को समझना आवश्यक है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने संविधान की उद्देशिका को सभी को वाचन करवाते हुए संविधान में उल्लेखित अनुच्छेदों को 16 संस्कारों से जोड़ते हुए उसकी वर्तमान संदर्भ में व्याख्या की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ .कविता जैन, डॉ. स्मिता देराश्री, डॉ मीना मोघे ,डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ .पूजा साहू ,डॉ .मीरा यादव, डॉ. मोनिका परमार, डॉ. भावना नागर सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित रही ।इस अवसर पर एम. ए .प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी भावना पवार ने संविधान पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनीति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ मनीष परमार ने किया एवं आभार डॉक्टर पीयूष पांडे ने माना।

युवा संगम मेला 3 दिसंबर को

उज्जैन। प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र व शासकीय आई .टी .आई संस्थान के तत्वावधान में 03 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मक्सी रोड ब्रीज के नीचे उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे, टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पुणे, बोकेम हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, शिव एंटरप्राइज अहमदाबाद, आइसेक्ट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ उज्जैन, भारतीय जीवन बीमा निगम उज्जैन, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, भागीरथ मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, मदर सन ऑटोमेटिव गुजरात, ईवे आई टी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, टी .एस .सी .एफ .एम. सेज फाउंडेशन इन्दौर, प्रतिभा स्वराज प्रा .लि .उज्जैन, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, इन्दौर, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन आदि के लगभग 475 से अधिक विभिन्न पदों जैसे सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सैल्स, टिम लीडर, बैक आफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। महिला हेल्पर, ऑपरेटर के लिए विशेष भर्ती के अवसर है। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो कि 5वीं से स्नाकोत्तर किसी भी विषय में पास आवेदक एवं तकनीकी योग्यता के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमापत्रों की फोटो प्रतियों भी आवश्यक रूप से साथ लाएं।

आईपीजीए का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज

उज्जैन। इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन (आईपीजीए) मध्य प्रदेश शाखा द्वारा आज 27 नवम्बर को प्रात: 10 .30 बजे से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय, इंदौर में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन फार्मेसी क्षेत्र के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय फार्मा और जैव विज्ञान में एआई संचालित नवाचार (एडीआईपीबी) सिकल सेल एनीमिया और अन्य रोगों के दवा विकास में एक नया क्षितिज निर्धारित किया गया है। जिसके विभिन्न तकनीकी सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान और पैनल चर्चाएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम में फार्मा इंडस्ट्री की नई चुनौतियों, शोध के आधुनिक आयामों, स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी प्रगति और इंडस्ट्री-अकादमिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। उद्घटन सत्र में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद शंकर लालवानी उपस्थित रहेंगे एवं विश्वविद्यालय में कुलाधिपति डॉ. श्रुति कपूर, कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक, एवं उपकुलपति डॉ. राजीव विश्वकर्मा के साथ डॉ. दीपेन्द्र सिंह, डॉ. करुणाकर शुक्ला व सभी प्राचार्यगण उपस्थित रहेंगे।

कृष्णशाह विद्यार्थी महाराज उज्जैन आए

उज्जैन। राष्ट्रीय प्राचीन वाल्मीकि मंदिर दिल्ली के गादीपति महामंडलेश्वर संत श्री कृष्णशाह विद्यार्थी महाराज अल्प समय के लिये उज्जैन पधारे। आपने यहां समाज की विभिन्न बस्तियों का भ्रमण कर समाजजनों को आशीर्वचन एवं आशर्वाद प्रदान किया। वाल्मीकि समाज के राष्ट्रीय संत कृष्णशाह विद्यार्थी महाराज के साथ रामप्रसाद सारवान, अनिल देवधरे, अशोक सारवान, राकेश गिरजे, मुकेश चौहान, संदीप सलोद, ओपी लोट, ऋषभ देवधरे, शिवम राजोरिया, मुकेश सारवान, राजू सिरसवाल, सावन कंडारे, ओमप्रकाश लोट, दयाराम नरवले, अशोक घावरी, कालिदास कल्याने सहित समाज के गणमान्य एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

उज्जैन में विकास का महाकुंभ, मुख्यमंत्री ने 179 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

सिंहस्थ 2028 के पहले उज्जैन को मिलेगा विश्वस्तरीय स्वरूप, टाइगर आ गए अब महाकाल के गण किंग कोबरा को भी लाएंगे-आयुर्वेद के प्रकल्प की सौगात

उज्जैन। महाकाल की नगरी में महाकुंभ का आयोजन इतनी तेज गति से चल रहा है कि जिधर देखो उधर सड़क कहीं पुल है, कहीं रेलवे ओवर ब्रिज हैं, कहीं फ्लायओवर है, सड़कों का जाल बिछ चुका है। कितने रोड कहां-कहां बन रहे हैं कुछ समझ में नहीं आ रहा। इतनी सौगात बाबा महाकाल के आशीर्वाद से मिल रही है यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को करोड़ों के लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम में कहीं।

महाकाल की नगरी उज्जैन बुधवार को एक बार फिर ऐतिहासिक विकास का साक्षी बनी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 179 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विद्यापति नगर क्षेत्र में 5000 जन समूह के बीच सीएम ने बड़ी सौगात दी। यह सभी कार्य सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को मजबूत करेंगे और आने वाले वर्षों में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

नगरीय प्रशासन अंतर्गत तीन प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसमे हामूखेड़ी बिजासन माता मंदिर से देवास रोड 10.40 करोड़ शांति नगर (गेल इंडिया) से नीलगंगा चौराहा 31.37 करोड़, रविंद्रनाथ टैगोर मार्ग, खजूर वाली मस्जिद से जीवाजीगंज थाना 8.30 करोड़। यह सभी मार्ग सिंहस्थ के दौरान अत्यधिक भीड़भाड़ वाले मार्गों में शामिल हैं। उज्जैन में स्मार्ट सिटी स्नेक पार्क अनुसंधान केंद्र का निर्माण करेगी जिसकी लागत 7.45 करोड़ होगी, पर्यटकों एवं विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आधुनिक सुरक्षा एवं संरक्षित वातावरण प्राप्त होगा। रेलवे सम्पार नं. 23 उज्जैन-नागदा लाइन बड़नगर मार्ग पर रेलवे और बीच की सौगात दी गई है, इसका विकल्प होगा नया रेलवे ओवरब्रिज यातायात और आपातकालीन सेवाओं के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। वहीं शासकीय धन्वंतरि महाविद्यालय में 250 सीटर बालक छात्रावास, 250 सीटर बालिका छात्रावास का भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरूगन ने आकाशवाणी केंद्र उज्जैन पर विशेष शुभकामना संदेश दिया। वहीं अन्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे, जो भूमि पूजन लोकार्पण और आकाशवाणी शुभारंभ में भी शामिल हुए। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, महापौर मुकेश टटवाल, संजय अग्रवाल, ओम जैन, रवि सोलंकी, आकाशवाणी के अपर महानिदेशक कृष्ण दास, रीजनल चैनल मैनेजर यशवंत चिवंडे, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी डायरेक्टर पूजा वर्धन, आकाशवाणी भोपाल प्रमुख राजेश भट्ट, आकाशवाणी उज्जैन प्रमुख अनामिका चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

उज्जैन में तीर्थ विकास-आयुर्वेद का भी एम्स बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन सिर्फ आध्यात्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली भी है। इसी कारण शासन द्वारा उन सभी स्थलों का तीर्थ के रूप में विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि मध्यप्रदेश सरकार उज्जैन में आयुर्वेद का एम्स स्थापित करने के लिए भी गंभीरता से प्रयास कर रही है। एम्स की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने जब इसे बड़ी सौगात बताया तो इस दौरान आयुर्वेद कॉलेज की छात्र-छात्राएं और शिक्षक खुशी से झूम उठे तालियां बजाने लगे, सीएम ने कहा कि आप उत्साहित हो और मुझे भी खुशी हो रही है लेकिन कुछ और घोषणाएं आपके लिए आने वाले समय में करूंगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में कहा कि शहर के विकास में नागरिकों का सहयोग उत्साहजनक है। अब्दलपुरा मार्ग जल्द ही फोरलेन होगा। शहरवासियों ने स्वप्रेरणा से सड़क चौड़ीकरण में सहयोग दिया है। यही उज्जैन की शक्ति और पहचान है। उज्जैन स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित किए जा रहे रेप्टाइल स्नेक पार्क का भी आज भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां किंग कोबरा भी रखा जाएगा। जिसकी मौजूदगी पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल यहां पर विराजित है और उनके गण भी यहां पर होने चाहिए। किंग कोबरा को लाने से सबको खुशी होगी उज्जैन संभाग में टाइगर भी आ गए हैं तो यहां किंग कोबरा आना चाहिए।

अंतरराज्यीय स्तर पर चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

कार से निकलते थे वारदात करने, किराना दुकान से चुराई थी सिगरेट

उज्जैन। अंतरराज्यीय स्तर पर चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने उज्जैन आकर किराना दुकान से लाखों रुपए की सिगरेट चोरी की थी। बुधवार को पुलिस ने बदमाशों का रिमांड लिया है।

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि फरियादी जयकिशन पिता भोजराज कृपलानी, निवासी परवाना नगर ने 12 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि जेके ट्रेडर्स नाम से फ्रीगंज में थोक किराना दुकान संचालित करते हैं। रात में वह दुकान बंद कर ताला लगाकर घर चले गए थे।अगले दिन सुबह जब दुकान पहुंचे तो दुकान का शटर एवं अंदर का नकूचा टूटा हुआ था। भीतर का सामान अस्त-व्यस्त था। लगभग 164 बंडल विभिन्न कंपनियों की सिगरेट एवं करीब 7,000 नकद अज्ञात बदमाश द्वारा चोरी कर लिए गए। शिकायत के बाद मामले में प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज देखे गए जिसमें कार दिखाई दी और तीन बदमाशों द्वारा चोरी किया जाना सामने आया। फुटेज के आधार पर तलाश शुरू की गई और महेंद्र पिता थानाराम मेघवाल 28 वर्ष निवासी तखतगढ़, तहसील सुमीरपुर, जिला पाली (राजस्थान), मनीष उर्फ हापूराम पिता प्रकाशराम पारीख 25 वर्ष निवासी ग्राम जाखल, जिला जालौर (राजस्थान) और राजेश पिता बब्बन 40 वर्ष निवासी कांदिवली चारकोप, वावरेगा नगर, मुंबई (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र से उज्जैन लाया गया। जिनसे चोरी में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। वहीं 40 हजार की सिगरेट जब्त होना सामने आया है। बताया जा रहा है कि तीनों बदमाश महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश मे पहले चोरी की वारदात कर चुके हैं। वारदात के दौरान कार का नंबर बदल देते थे। ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके लेकिन उज्जैन पुलिस तकनीकी साक्षियों और कैमरे की मदद से तीनों को गिरफ्तार करने में सफल रही है। बदमाशों का गिरफ्तार करने में माधव नगर थाना निरीक्षक राकेश भारती, एसआई अंकित बनौदा, शालिग्राम चौहान, शशिकांत गौतम, एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, धर्मेंद्र तोमर, प्रधान आरक्षक रवि शर्मा, आरक्षक अविनाश, सुभाष, संजय बीजापारी, देवराज, आरक्षक बृजेश, एएसआई अमोल सिंह ,प्रधान आरक्षक सियाराम, मोहन, आरक्षक मयूर की भूमिका रही।

मकान की गैलरी से गिरी वृद्धा की मौत

उज्जैन। तबीयत खराब होने पर मंगलवार धूप में बैठने के लिये मकान की दूसरी मंजिल की गैलरी में गई वृद्धा नीचे गिर गई। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। चिमनगंज थाना एएसआई राजेश पंचोली ने बताया कि निकास चौराहा स्थित निजी अस्पताल से दुर्गा कालोनी में रहने वाली बसंतीबाई पति लक्ष्मीनारायण 75 साल की गिरने से मौत होने सूचना मिली थी। पुलिस अस्पताल पहुंची तो सामने आया कि बसंतीबाई की चार-पांच दिनों से तबीयत ठीक नहीं थी। दोपहर में गैलरी में धूप में बैठने के लिये मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंची थी। जहां से गिरने पर घायल हुई थी। एएसआई पंचोली के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया है। प्रारंभिक जांच में घटनाक्रम हादसा होना सामने आ रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा गया है।

घायल सांप को लगाए 80 टांके

उज्जैन। सांप देखते ही लोग डर के कारण उसे मारने पर उतारू हो जाते हैं। लेकिन उज्जैन में एक सांप के गंभीर घायल होने पर सर्प मित्र उसे पशु चिकित्सालय ले गए। वेटनरी हॉस्पिटल में डॉक्टर ने सांप को 80 टांके लगाकर बचाया। दरअसल इन दिनों विक्रम नगर इंडस्ट्रीयल क्षेत्र निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान मंगलवार रात एक कोबरा प्रजाति का सांप जेसीबी की चपेट में आ गया था।

हादसे में गंभीर हुआ घायल क्षेत्र में ही घूम रहा था। यह देख लोगों ने सर्प मित्र राहुल और मुकुल को सूचना दी। जिस पर दोनों मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को उदयन मार्ग स्थित पशु चिकित्सालय ले गए। जहां पशु चिकित्सक डॉक्टर मुकेश जैन ने देखा कि सांप के सिर व पीछे काफी चोट लगी हैं। इलाज के दौरान डॉ. जैन ने सांप का दो घंटे तक जटिल आपरेशन कर 80 टांके लगाए। जिसके बाद सांप को सर्प मित्रों को दे दिया। सांप अब स्वस्थ अवस्था में है। आपरेशन में रवि राठौर, प्रशांत परिहार व अन्य कर्मचारी भी शामिल थे। डॉ. जैन के अनुसार दुनिया में कोबरा सांप की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। जिनमें सबसे प्रसिद्ध भारतीय कोबरा और किंग कोबरा हैं। किंग कोबरा और सामान्य कोबरा अलग-अलग वंश के होते हैं। यह नाजा वंश से संबंधित हैं, ये अक्सर इंसानी आबादी वाले कृषि क्षेत्रों में पाए जाते हैं। घायल सांप एलापिडे प्रजाति का बताया जाता हैं।

सर्व कल्याण बजरंग दल की कार्यकारिणी घोषित

उज्जैन। सर्व कल्याण बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम के द्वारा मंगलनाथ पर कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई और नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर स्वागत किया गया। मुरली निगम के अनुसार नव निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष गौ रक्षा परिषद विशाल नागर, प्रदेश कार्यालय मंत्री राहुल तिवारी, उज्जैन संभाग अध्यक्ष राहुल जाट, उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष जयंत चुरीया, उज्जैन जिला उपाध्यक्ष राहुल चावड़ा, उज्जैन महानगर उपाध्यक्ष अजय चौधरी, उज्जैन महानगर मंत्री लोकेंद्र परमार, तराना तहसील अध्यक्ष राजेश चौहान, उज्जैन महानगर मीडिया प्रभारी अंकित वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष गोवर्धन आर्य, ग्रामीण नईखेड़ी अध्यक्ष विशाल वर्मा, वार्ड क्रमांक 3 अध्यक्ष राजेश बना, ग्राम जोगी खेड़ी अध्यक्ष कुंदन वर्मा, विशाल चौहान, आयुष वर्मा, सनी पटेल, लखन गुरु, हरि ओम वर्मा बनाये गये।

उंडासा मार्ग से पकड़ाये युवकों के पास मिला 14 हजार का गांजा

उज्जैन। रात में पुलिस में बाइक पर सवार दो युवकों को पकड़ा, जिनके पास से गांजा बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिए रिमांड कर लिया गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि रात में पुलिस उंडासा मार्ग पर गश्त के लिए निकली थी इस दौरान बाइक पर सवार दो युवकों ने भागने का प्रयास किया पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन दोनों ने बाइक की रफ्तार तेज कर ली। शंका होने पर पीछा किया गया और दोनों को पकड़ा तो वह घबराने लगे। उनकी तलाशी लेने पर डेढ़ किलो के लगभग गांजा बरामद हो गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उनके नाम भूपेंद्र पिता श्याम सिंह राठौर और विजय पिता गजराज राठौर निवासी तनोड़िया आगर मालवा होना सामने आए। 14 हजार से अधिक कीमत का गांजा बरामद होने पर मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया बुधवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दोनों का आपराधिक रिकार्ड भी तलाश रही है। संभावना जताई जा रही है कि गांजा आगर से ही लेकर उज्जैन आ रहे थे।

भाजपा अजा मोर्चा ने संविधान दिवस पर किया अंबेडकर प्रतिमा माल्यार्पण

उज्जैन। संविधान दिवस पर भाजपा अजा मोर्चा द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं अजा मोर्चा अध्यक्ष मनोज मालवीय के नेतृत्व में टावर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जिन लोगों ने बाबा साहब को दो बार चुनाव हरवाया जिन लोगों ने बाबा साहब का अपमान किया, वह आज संविधान की किताब अपने हाथों में लेकर घूमते हैं। बाबा साहब के बताएं मार्ग पर हम सबको चलना है यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने हमे जो अधिकार दिए हैं उनके साथ ही अपने कर्तव्यों का भी पालन हमें करना चाहिए कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल जाटवा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक सतीश मालवीय, मीना जोनवाल, कमलेश बैरवा, सुरेंद्र मेहर, मांगू पहलवान, शीला मरमट, सुशीला जाटवा, वर्षा कछवाय जितेन्द्र बिहाणीया, दीपक डोरवाल, मनोज मालवीय अजय बड़ावदिया, अजय जाटवा सहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

पुरोहितों में आक्रोश सभा मंडप में तखत नहीं रखे, पदनाम स्वीकृत नहीं, प्रशासन से नाराज

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुरोहित बोले-मंदिर के काउंटरों पर अभिषेक रसीद कट्टे नहीं

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर के काउंटरों पर अभिषेक-पूजन कराने के लिए काटी जाने वाली रसीद के कट्टे ही नहीं रखे जा रहे हैं। इससे आम श्रद्धालुओं को भी अभिषेक हेतु इस रसीद के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है। और श्रद्धालु परेशान होते रहते हैं। मंदिर के 22 पुरोहित इस अव्यवस्था के चलते मंदिर प्रशासन से नाराज है।

मंदिर के काउंटरों पर अभिषेक-पूजन के रसीद कट्टे रखने की मांग पुरोहितों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। वहीं पुरोहितों के मंदिर के सभामंडप में पुराने तखत भी वापस नहीं रखे गए जबकि पूर्व में हुए निर्माण के चलते सभामंडप में रखे लकड़ी तखतों को समिति ने यह कहकर हटाया था कि निर्माण पूरा होने के तुरंत बाद इन्हें यथा स्थान पर रख दिए जाएंगे। लेकिन आज तक ये तखत दूसरी जगह पर ही रखे हुए है। इन तखतों पर बैठकर पुरोहित अपना कार्य संपन्न करते हैं। फिलहाल पुरोहितों को सभामंडप में खड़े ही रहकर अपना कार्य करना पड़ रहा है। साथ ही पुरोहितों ने मंदिर समिति से यह भी मांग की थी कि उन्हें पदनाम से संबोधित किया जाएं। इसे लेकर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। महाकाल मंदिर पुरोहित समिति के अध्यक्ष पं. लोकेंद्र व्यास, सचिव पं. दीपक शर्मा सहित समस्त पुरोहितों ने मीडिया से चर्चा में कहा कि महाकाल मंदिर एक शैव मंदिर है जहां 16 पुजारी के अलावा 22 पुरोहित भी कार्यरत है जिन्हें धर्मस्व पुजारी भी कहते है। वे पिछले काफी समय से प्रशासन के समक्ष मांग रखते आ रहे हैं कि समिति द्वारा मंदिर के सभी काउंटरों पर अभिषेक-पूजन के रसीद कट्टे रखे ताकि श्रद्धालुओं को इसकी अधिक से अधिक जानकारी मिले और वे अभिषेक हेतु रसीद कटवाए। क्योंकि काउंटरों पर रसीद कट्टे नहीं होने से वह परेशान होते है। उनके तखत भी आज तक सभामंडप में नहीं रखे गए। मंदिर एक्ट व उप विधि के अनुसार उनका पद नाम होना चाहिए। वह भी आज तक स्वीकृत नहीं किया गया है। यदि जल्द ही उनकी मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उनके समक्ष मांगें रखी जाएगी।

विवाह सम्मेलन के लिए दिया आमंत्रण

शिप्रा तट स्थित प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर के समीप बने नवनिर्मित आश्रम में 12 दिसंबर को भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन, तिरुपति बालाजी प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं वृद्धा आश्रम के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बुधवार को उज्जैन प्रवास के दौरान हेलीपैड पर मुलाकात कर आमंत्रण पत्र दिया। साथ ही उन्होंने उज्जैन आए छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री से भी भेंट की व उन्हें भी कार्यक्रम का आमंत्रण दिया।